Hindustan Times - New Delhi - 09 - 02 - 2011

दाखिला लेने वालों को जेएनयू देगा पांच साल के प्रश्नपत्र

कार्यालय संवाददाता

नई दिल्ली

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) दाखिलों से संबंधित प्रवेश परीक्षा के लिए पिछले पांच साल के प्रश्नपत्र मुहैया कराने की व्यवस्था कर रहा है। 2006 से 2010 तक के प्रश्नपत्रों का यह बुकलेट उन्हीं छात्रों को मिलेंगे, जिनके आवेदन स्वीकृत हो जाएंगे।

इसे हासिल करने की तारीख अप्रैल महीने के दूसरे सप्ताह में रखी गई है। जबकि आवेदन की आखिरी तिथि 21 मार्च है। 10 अप्रैल से डाक से ये प्रश्नपत्र जारी किए जाएंगे। जबकि 24 अप्रैल से छात्र को ही स्वयं प्रदान किए जाएंगे। दाखिला परीक्षाएं में 17 से 20 मई तक होंगी। अधिकतर भाषाई पाठ्यक्रमों और अनुशासनात्मक पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्रों की कीमत 25 रुपये तय की है। साइंस कोर्स व भूगोल के प्रश्नपत्रों की कीमतें 180 रुपये निर्धारित हैं। विवि के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर के डीन प्रोफेसर सच्चिदानंद सिन्हा का कहना है कि ये प्रश्नपत्र दाखिला परीक्षाओं की तैयारी में सहायक साबित होंगे।